झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची
प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2023-2024)
हिंदी 'बी'

कुल समय : 1 घंटा 30 मिनट **पूर्णांक: 40**

सामान्य निर्देश:

- **इस प्रश्न पुस्तिका के दो भाग हैं-भाग -A तथा भाग-B**
- **भाग-A में 15 अंक के बहु-विकल्पीय प्रश्न है। भाग-B 25 अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न है।**

भाग-A
(बहु-विकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -

I. उद्धव के व्यवहार की तुलना किसके पत्ते से की गई है?

A. पीपल के B. कमल के

C. केला के D. नीम के

II. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' कहाँ से लिया गया है?

A. महाभारत B. गीता

C. रामचरितमानस D. इनमें से कोई नहीं

III. 'उत्साह' कविता में बादल किसका प्रतीक है?

A. भावनाओं का B. खुशी का

C. दुख का D. क्रांति का

IV. बच्चे की मुसकान में किसे पिघलाने की शक्ति है?

A. बर्फ B. क्रोध

C. कठोर मन D. आग

V. मुख्य गायक को धीरज बँधाने का काम प्रायः कौन करता है?

A. उसकी माँ B. श्रोता

C. संगतकार D. इनमें से कोई नहीं

VI. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के लेखक का नाम क्या है?

A. रामवृक्ष बेनीपुरी B. स्वयं प्रकाश

C. यशपाल D. यतींद्र मिश्र

VII. 'संगीत साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा' - यह पंक्ति किस पाठ की है?

A. बालगोबिन भगत B. लखनवी अंदाज

C. नेताजी का चश्मा D. एक कहानी यह भी

VIII. अकेले सफ़र का वक्त काटने के लिए नवाब साहब ने क्या खरीदा था?

A. अखबार B. पुस्तक

C. खीरा D. पत्रिका

IX. देश की स्थितियों को समझने-जानने की प्रेरणा लेखिका को किसने दी?

A. उसकी अंतरात्मा ने B. उसके खुले विचारों ने

C. शीला अग्रवाल ने D. उसके पिता ने

X. मोहर्रम के दिन बिस्मिल्लाह खाँ क्या बजाते थे?

A. मलार B. सारंग

C. नौहा D. भैरवी

XI. 'छाती पर मूँग दलना' का अर्थ है-

A. कठिन काम करना B. बात-बात पर लड़ना

C. कर्जा वसूल करना D. पास रहकर दुख देना

XII. 'विज्ञान' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है?

A. विज्ञ B. ज्ञान

C. वि D. अन

XIII. निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा कौन-सी है?

A. शत्रुता B. वीर

C. मनुष्य D. गुरु

XIV. इनमें गुणवाचक विशेषण कौन-सा है?

A. चौगुना B. नया

C. तीन D. कुछ

XV. 'कन्यादान' में कौन-सा समास है -

A. कर्मधारय B. तत्पुरुष

C. अव्ययीभाव D. बहुब्रीहि

भाग-B

(विषयनिष्ठ प्रश्न)

2. निम्नलिखित में से किन्ही छह प्रश्नों के उत्तर दें - 1X6=6

(क) संज्ञा किसे कहते हैं?

(ख) विशेषण किसे कहते हैं?

(ग) 'पीतांबर' में कौन-सा समास है?

(घ) 'पाप-पुण्य' में कौन-सा समास है?

(ङ) 'मौखिक' का विलोम क्या होगा?

(च) संबंधवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं?

(छ) प्रत्यय किसे कहते हैं?

(ज) भाववाचक संज्ञा का एक उदाहरण दीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दें - 3X3=9

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ का क्या संदेश है?

(ख) वह कौन-सी घटना थी जिसके बारे में सुनने पर लेखिका को न अपनी आँखों पर विश्वास हो पाया न अपने कानों पर?

(ग) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?

(घ) अपने किसी मित्र के स्वभाव की विशेषताएँ लिखिए।

4. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दें - 5X2=10

(क) पठित पाठ के आधार पर बालगोबिन भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) 'साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है।'- इस कथन पर अपने विचार रखिए।

(ग) कर्ता के 'ने' चिह्न का प्रयोग कहाँ-कहाँ होता है? उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण करें -

ऋतुराज बसन्त के आगमन से ही शीत का भयंकर प्रकोप भाग गया। पतझड़ में पश्चिम के पवन ने जीर्ण-शीर्ण पत्रों को गिराकर पेड़-पौधों को स्वच्छ और निर्मल बना दिया। वृक्षों और लताओं के अंग में नूतन पत्तियों के खिलने से यौवन की मादकता छा गयी। शीतकाल के ठिठुरे अंगों में नया फुरती उमड़ रही है तथा बसन्त के आगमन के साथ ही जैसे पुरानापन और पुरातन का प्रभाव छिप गया है। प्रकृति के कण-कण में नया जीवन का संचार हो गया है। आम के मंजरियों की गंध और कोयल का आवाज़, भँवरों का गुंजन सब ऐसा लगता है जैसे जीवन में सुख ही सुख है। यह आनन्द के एक क्षण का मूल्य पूरे जीवन को अर्पित करके भी नहीं चुकाया जा सकता है। प्रकृति ने बसन्त के आगमन पर अपने रूप को इतना सँवारा है और रचा है कि उसकी शोभा का वर्णन करना असंभव है।

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची
प्रतिदर्श प्रश्न पत्र उत्तरकुंजिका (2023-2024)
हिंदी 'बी'

I-B	**XI-D**
II-C	**XII-C**
III-D	**XIII-A**
IV-C	**XIV-B**
V-C	**XV-B**
VI-B	
VII-A	
VIII-C	
IX- D	
X-C	